भूगोल / GEOGRAPHY

प्रश्न-पत्र I / Paper I

निर्धारित समय : **तीन** घंटे *Time Allowed : **Three** Hours*	अधिकतम अंक : **250** *Maximum Marks : **250***

प्रश्न-पत्र के लिए विशिष्ट अनुदेश

कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :

*इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपे हैं ।*

*परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

*प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।

जहाँ आवश्यक हो, अपने उत्तर को उपयुक्त चित्रों / मानचित्रों तथा आरेखों द्वारा दर्शाएँ । इन्हें प्रश्न का उत्तर देने के लिए दिए गए स्थान में ही बनाना है ।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।

Question Paper Specific Instructions

Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :

*There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

*Questions no. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** from each section.*

The number of marks carried by a question / part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Illustrate your answers with suitable sketches / maps and diagrams, wherever considered necessary. These shall be drawn in the space provided for answering the question itself.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

Optional Province · optionalprovince.com

खण्ड A

SECTION A

Q1. निम्नलिखित में से प्रत्येक का लगभग 150 शब्दों में उत्तर दीजिए :
Answer the following in about 150 words each : *10×5=50*

(a) "अण्डे की टोकरी स्थलाकृति" का वर्णन कीजिए ।

Describe the "Basket of eggs topography". *10*

(b) सूर्यतापन और ताप के बीच विभेदन कीजिए और असंगत ताप को स्पष्ट कीजिए ।

Differentiate between insolation and temperature and explain anomalous temperature. *10*

(c) समुद्री कटिबंधों (मैरीटाइम ज़ोन) की विवेचना कीजिए ।

Discuss Maritime Zones. *10*

(d) उष्णकटिबंधीय वर्षावन जीवोम (बायोम) के पारिस्थितिकीय महत्त्व को उजागर कीजिए ।

Bring out the ecological significance of Tropical Rainforest Biome. *10*

(e) हिमालय में जल-मौसमविज्ञानी (हाइड्रो-मिटिरियोलॉजिकल) ख़तरों को स्पष्ट कीजिए ।

Explain the hydro-meteorological hazards in the Himalayas. *10*

Q2. (a) " 'पेडिप्लेनेशन' की संकल्पना की व्याख्या करने में किंग ने डेविस, पेन्क और वुड के विचारों के साथ अपने विचार जोड़े थे ।" सविस्तार समझाइए ।

"In explaining the concept of 'Pediplanation', King combined the ideas of Davis, Penck and Wood with his own." Elaborate. *20*

(b) उष्णकटिबंधीय और शीतोष्ण कटिबंधीय चक्रवातों से जुड़ी उत्पत्ति और मौसमी दशाओं की तुलना कीजिए ।

Compare the origin and weather conditions associated with the tropical and temperate cyclones. *15*

(c) एक तर्कसंगत विवरण प्रस्तुत कीजिए कि वैश्विक तापन के प्रभाव की पृथ्वी के एक भाग से दूसरे भाग के बीच भिन्नता किस प्रकार होती है ।

Give a reasoned account on how the impact of Global Warming differs from one part of the Earth to the other. *15*

Optional Province · optionalprovince.com

Q3. (a) जलवायु परिवर्तन को समझने में विश्व जलवायु अनुसन्धान कार्यक्रम (डब्ल्यू.सी.आर.पी.) के महत्त्व और उसकी क्रोड परियोजनाओं पर चर्चा कीजिए ।

Discuss the significance of World Climate Research Programme (WCRP) and its core projects in the understanding of climatic change. *20*

(b) "पवनों और धाराओं के बीच का संबंध सबसे अच्छी तरह से हिन्द महासागर में देखा जाता है ।" सिद्ध कीजिए ।

"The relationship between the winds and the currents is best seen in the Indian Ocean." Justify. *15*

(c) आर्थिक प्रस्थिति और पर्यावरण के सन्दर्भ में, "उपयोग करो और फेंक दो" की प्रवृत्ति पर समालोचनात्मक टिप्पणी लिखिए ।

Write a critical note on the tendency of "use and throw" in the context of economic status and environment. *15*

Q4. (a) महासागरों और उनके संसाधनों के शोषण और उपयोग से सम्बद्ध विभिन्न पारिस्थितिकीय समस्याओं को उजागर कीजिए ।

Bring out the various ecological problems associated with the exploitation and use of oceans and their resources. *20*

(b) "भूवैज्ञानिक संरचना का भू-आकृतियों पर प्रभावी नियन्त्रण होता है और यह उनमें प्रतिबिम्बित भी होती है ।" चर्चा कीजिए ।

"Geological structure has a dominant control on landforms and is reflected on them." Discuss. *15*

(c) न्यूबिगिन की संसार के पादपी मंडलों की योजना का वर्णन कीजिए और भूमध्यसागरीय पादपी मंडल को स्पष्ट कीजिए ।

Describe Newbigin's scheme of Floristic regions of the world and explain the Mediterranean Floristic region. *15*

Optional Province · optionalprovince.com

खण्ड B

SECTION B

Q5. निम्नलिखित में से प्रत्येक का लगभग 150 शब्दों में उत्तर दीजिए :
Answer the following in about 150 words each : *10×5=50*

(a) "क्षेत्रीय विभेदन भूगोल की क्रोड विषय-वस्तु है ।" स्पष्ट कीजिए ।

"Areal differentiation forms the core theme in Geography." Explain. *10*

(b) 'आइसोडापेन' को स्पष्ट कीजिए ।

Explain 'Isodapane'. *10*

(c) 'सी.बी.डी.' (CBD) की प्रमुख विशेषताओं पर चर्चा कीजिए ।

Discuss the major characteristics of 'CBD'. *10*

(d) 'कोम्पेज' की धारणा को सविस्तार समझाइए ।

Elaborate the idea of 'Compage'. *10*

(e) भौगोलिक अध्ययनों में गुरुत्व मॉडल के अनुप्रयोग की विवेचना कीजिए ।

Discuss the application of Gravity model in Geographical studies. *10*

Q6. (a) भूगोल में मात्रात्मक क्रान्ति की उत्पत्ति और प्रगति की रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए तथा इसके गुण और दोषों को उजागर कीजिए ।

Trace the origin and progress of Quantitative Revolution in Geography and bring out its merits and demerits. *20*

(b) ग्रामीण बस्तियों (बसावटों) के प्रकारों एवं प्रतिरूपों का निर्धारण करने में बसाव-स्थान (साइट) की भूमिका का विवेचन कीजिए ।

Discuss the role of site in determining the types and patterns of rural settlements. *15*

(c) 'प्रदेश' से क्या तात्पर्य है ? प्रादेशिक परिसीमन की 'थिसीयन' बहुभुज विधि का वर्णन कीजिए ।

What is a 'region' ? Describe 'Thiessen' polygon method of regional delimitation. *15*

Optional Province · optionalprovince.com

Q7. (a) विश्व में जीवन प्रत्याशा के प्रादेशिक प्रतिरूप का वर्णन कीजिए और बढ़ती हुई जीवन प्रत्याशा के कारण विकासशील देशों के सम्मुख चुनौतियों को उजागर कीजिए ।

Describe the regional pattern of Life Expectancy in the world and bring out the challenges faced by developing countries due to increasing life expectancy. *20*

(b) वर्तमान समय के संदर्भ में 'रुको और जाओ निर्धारणवाद' की प्रासंगिकता पर चर्चा कीजिए ।

Discuss the relevance of 'Stop and Go Determinism' in the present day context. *15*

(c) सीमाओं और सीमांतों की परिभाषा दीजिए और उनमें विभेदन कीजिए । ज्यामितीय सीमाओं का उचित उदाहरणों सहित वर्णन कीजिए ।

Define and differentiate between boundaries and frontiers. Describe the geometrical boundaries with suitable examples. *15*

Q8. (a) लॉश की केंद्रीय स्थानों की थियोरी का समालोचनात्मक विवरण दीजिए ।

Give a critical account of Losch's theory of central places. *20*

(b) "संसाधन-सम्पन्न प्रदेशों और संसाधन-उपयोगकर्ता प्रदेशों के बीच संयोजन, अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के प्रतिरूप को निर्धारित करते हैं ।" उचित उदाहरणों सहित सविस्तार समझाइए ।

"Linkages between resource-endowed regions and resource-utilizing regions determine the pattern of international trade." Elaborate with suitable examples. *15*

(c) किसी प्रदेश में इष्टतम भूमि-उपयोग नियोजन की दिशा में भूगोलवेत्ता किस-किस तरह से योगदान कर सकते हैं ?

In what ways can geographers contribute towards optimal land use planning in a region ? *15*

Optional Province · optionalprovince.com